हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



नगद खरीदें • सस्ता खरीदें
क्रेडिट व डेबिट कार्ड स्वीकार्य
दशहरा व दीपावली के शुभ अवसर पर पूरे परिवार का कपड़ा खरीदने व उपहार पाने का सुनहरा मौका
प्रशांत क्लॉथ मर्चेन्ट
थोक भाव में शहर का रिटेल कपड़ा दुकान
प्रकाश होलसेल बाजार
Mo. 9981640064, 9993734455
सीधे कंपनी के भाव में 1 अक्टूबर से 1 नवंबर 2024 तक
सूरत साड़ी मेला
नया स्टॉक • नई डिजाईन • फुलरेंज
साड़ियां | टॉप व कुर्तियां | मेन्सवीयर | सूटिंग-शर्टिंग | हैण्डलूम
एवं समस्त रेडिमेड आइटम
शुक्ला मार्केट, चंडी मंदिर के पास, डोंगरगांव

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प 16 को

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में आगामी 16 अक्टूबर को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में आदित्य बिरला सन लाईफ इंश्युरेंस कंपनी राजनांदगांव द्वारा फाईनेंनशियल एडवाईजर के 25 पद, श्रीराम लाईफ इंश्युरेंस सुंदर नगर चौक रायपुर द्वारा सेल्स मैनेजर के 5 पद एवं सेफ इंटेलीजेंस सिक्युरिटी कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 200 पद व सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 50 पद पर भर्ती की जाएगी।

## निधन

### चन्द्रकुमार जैन



**डोंगरगांव।** नगर में जन्म लेने और प्रारंभिक शिक्षा के बाद राजनांदगांव शिफ्ट हुए प्रोफेसर और साहित्यकार डॉ. चन्द्रकुमार जैन के निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. श्री जैन के शुभचिंतकों एवं अभिन्न मित्रों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन ने उनके निधन पर दुख जताते हुए कहा कि नगर ने एक प्रतिभा संपन्न व्यक्ति को खो दिया है। जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

### शंकर सोरी



**सड़क अतरिया।** ग्राम के शंकर सोरी पिता बलवंत सोरी का 24 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिवार, मित्र एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### चंद्रेश सिंह बघेल



**खैरागढ़।** ब्लाक के खैरबना निवासी राजपरिवार सदस्य चंद्रेश सिंह बघेल 67 साल का सोमवार 14 अक्टूबर को हृदयाघात से निधन हो गया। परिजनों व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में गृहग्राम खैरबना में अंतिम संस्कार हुआ। स्वर्गीय चंद्रेश सिंह भाजपा नेता सिद्धार्थ सिंह, दुर्गेश सिंह के अनुज और कृषि उपज मंडी सचिव सुदेश सिंह मुन्ना के अग्रज थे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के चाचा और जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी के ससुर थे। गौरतलब है कि स्वर्गीय श्री सिंह सहज व सरल प्रवृत्ति के उन्नत कृषक के रूप में पूरे इलाके में जाने जाते थे।

### लोगों को झांसा दे रहे चिटफंड कंपनियों के एजेंट

# करोड़ों रुपए डूबे, फिर भी लोगों का मोह कम नहीं हुआ चिटफंड कंपनियों से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

चिटफंड कंपनियों में अरबों रूपए डूबने के बाद भी लोग अब भी निवेश करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं सरकार भी लगातार घोटाले सामने आने के बाद भी अंकुश लगा रही है। कमीशन के चक्कर में बेरोजगारों के अलावा निजी बैंक के कर्मचारी भी कथित कंपनियों से अधिक लाभ होने का झांसा देकर लोगों की रकम जमा करवा रहे हैं।

उललेखनीय है कि हाल ही में एक ऐप के माध्यम से राशि जमा करने पर सीमित अवधि में दो गुना मिलने का दावा करते हुए रकम जमा कराने के बाद धोखाधड़ी करने का मामला पुलिस तक पहुंचा था। जमाकर्ताओं ने शिकायत में बताया था कि स्थानीय एजेंट ने कम समय ज्यादा कमाई का लालच देकर रकम जमा करवाया था। कुछ दिनों बाद ज़ब रकम आना बंद हुआ तब लोगों को धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ।

### 30 हजार गंवा चुके रकम

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव घोषणा पत्र में चिटफंड कम्पनियों में डूबी राशि वापस दिलाने का वादा किया था। भूपेश बघेल सरकार ने रकम वापस दिलाने के लिए निवेशकों से आवेदन मंगवाया था। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के 1851 और ब्लाक की विभिन्न पंचायतों के करीब 28 हजार निवेशकों ने दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा किया है।



### नहीं चेत रहे लोग, लुभा रहे एजेंट

चिटफंड कंपनियों में रकम के डूबने के लगातार मामले सामने आने के बाद भी लोग रकम जमा करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। वहीं लोगों की गाढ़ी कमाई डूबने के बाद अपनी कमाई को देखते हुए एजेंट लोगों को झांसा देकर निवेश करा रहे है। बताया जाता है कि इन कंपनियों द्वारा एजेंटों को अच्छा खासा कमीशन दिया जाता है जिसके चलते इस फील्ड में सक्रिय देखते ही देखते ही बंगला, कार आदि के मालिक बन गए हैं। जानकारी के अनुसार इस फील्ड में निजी बैंको के कर्मचारी भी आ गए है जो लोगों को तगड़ी कमाई होने का झांसा देकर शेयर सहित चिटफंड कम्पनियों में राशि जमा करा रहे हैं।

### चार करोड़ डूबे

जानकारी के अनुसार चिटफंड कम्पनियो में जमा राशि की वापसी के लिए नगर पंचायत क्षेत्र के 1851 लोगों ने आवेदन किया है। राशि के लिहाज से इन चिटफंड कंपनियों में करीब चार करोड़ डूबे थे। जानकारी के अनुसार सन शाइन इंफ्राबिल्ड लिमिटेड के 320 ने 55 लाख 3 हजार 791, एचबीएन एंड एलाइड लिमिटेड के 602 ने एक करोड़ 51 लाख 84 हजार 611, पीसीएल इंडिया लिमिटेड के 37 ने 3 लाख 8 हजार 702, सांई प्रकाश- सांई प्रसाद के 182 ने 52 लाख 31 हजार 865, सुविधा फार्मिंग एंड एलाइड लिमिटेड के 78 ने 33 लाख 68 हजार 860, आस्था ब्रीडिंग फार्म के 7 ने 24 हजार, आरोग्य धन वर्षा डेवलपर्स एंड एलाइड लिमिटेड के 19 ने 2 लाख 11 हजार 31, अनमोल इंडिया एग्रो हर्बल फार्मिंग के 273 ने 12 लाख 26 हजार 344, पन्ना क्रेडिट एंड थ्रिस्ट मल्टी स्टेट कारपोरेशन के 22 ने 44 हजार, शुभ सांई देवकान इंडिया लिमिटेड के 40 ने 5 लाख 51 हजार, बीएनपी- बीपीएन के 82 ने 15 लाख 89 हजार 810 एवं विविध कम्पनियों के 189 ने 57 लाख 17 हजार 17 रुपए वापसी के लिए आवेदन किया था।

# गोष्ठी में सामाजिक एकता बनाए रखने पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी

आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के तत्वावधान में रविवार को वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक विचारगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन बागरेकसा में किया गया।

मुख्य अतिथि संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम थे। अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी ने किया। विशेष अतिथि हिरेसिंह घावड़े, जगतराम सलामे, दुखूराम आचला, सचिवकुमार कोरेटी, तुलसी मरकाम, तुकाराम कोर्राम, ओमप्रकाश कोडापे, लखन सोरी, बाबूराव हिड़को, गोविंद टेकाम, रामबिलास घावड़े, आत्माराम कौड़ो, दिनेश उसेंडी, संतुराम मंडावी, अशोक मांझी, हीरासिंह बोगा, भगवानसिंह सलामे एवं श्री मंडावी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ शंभूशेक, बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती के चित्रों पर माल्यार्पण एवं सेवा अर्जी के साथ किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। सभी ने गौरवशाली रीति-रिवाज, परम्परा को बचाए रखने पर जोर दिया।

इस दौरान दिनेश कुरेटी, तोमन आचले, मूलचंद मंडावी, धर्मेन्द्र दुग्गा, राजकुमार आचले, नंदू टेकाम, ओंकार सलामे, अमन नरेटी आदि का सम्मान किया गया। इस अवसर पर एटमेटा सर्कल अध्यक्ष भूषण सलामे, उपाध्यक्ष अनिल हारमे एवं सचिव मेघनाथ सलामे का चयन किया गया।

संचालन समनलाल उइके, उदय सिंह कोमरे एवं संतराम सलामे एवं आभार प्रदर्शन कन्हैया केराम ने किया।

# आतिशबाजी के साथ रावण का दहन





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- क्वांर नवरात्रि के अंतिम दिन हुआ विसर्जन

न्यू फ्रेण्ड्स क्लब दशहरा उत्सव समिति ने रेल्वे फुटबॉल ग्राउंड में आतिशबाजी के साथ रावण का दहन किया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। विशिष्ट अतिथि विनोद खांडेकर, सुदेश मेश्राम, डी. एकेश राव, धीरज मेश्राम, अतिथि डॉ डी.संमुख नायक, स्टेशन महाप्रबंधक गुरुचरण शेट्ठी, पुनित राम गनबेर, एस. हनुमंत राव, मधु अग्रवाल, संध्या देशपाण्डे, बीके तिवारी, वेंकट स्वामी, ऋषिकेश चौधरी, मधुसूदन अग्रवाल थे। मुख्य अतिथि श्रीमती बघेल ने राम, लक्ष्मण का स्वागत किया। इस मौके पर मनीष ग्वाला, एस संतोष राव, पूरमानंद



कंवर, जुनेद अली, तरण बोपचे, नरेश वर्मा, सौरभ मेहर, अमिश मरकाम, धन्नू वर्मा, उमेश समुन्द्रे, शशांक सिंह, गुलशन चंद्रवंशी, इमरान, दुर्गेश वर्मा, रितेश हुमने आदि मौजूद थे।

**चिचोला।** क्वांर नवरात्र के दौरान विराजित मां दुर्गा और मां सरस्वती का अंतिम दिन हवन के बाद मां शीतला उत्सव समिति रंगीटोला के जस गीत की धुन पर शोभायात्रा निकालकर विसर्जित किया गया।

**मुरमुंदा।** ग्राम में नवमीं को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

**खुज्जी।** ग्राम में विजयादशमी के अवसर पर भव्य आतिशबाजी की गई। रात्रि में चंदैनी गोंदा का मंचन किया गया। ग्राम विकास समिति के नेतृत्व में रामलीला का मंचन किया गया। रावण दहन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। रावण पुतला दहन के दौरान ग्राम विकास समिति के सदस्य, पंच, उपसरपंच, सरपंच के साथ जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा सम्मिलित हुए।

# भाजपा ने दी योगेश्वर को श्रद्धांजलि



**सड़क अतरिया।** मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष योगेश्वर जंघेल का बीते दिवस निधन हो गया था। रविवार को भाजपा पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धांजलि दिया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, प्रेमनारायण चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, भावेश कोचर, कृष्णकांत महोबिया, ज्योति जंघेल, शैव्या वैष्णव, पन्ना मंडावी, उधो जंघेल, रोहित जंघेल, ठाकुरराम साहू, परमेश्वर वर्मा, नरेश वर्मा, विक्रांत चंद्राकर, अर्जुन महोबिया, किशन सिलोटिया, रोहित जंघेल प्रकाश जंघेल, देवशरण जंघेल उपस्थित थे।

### परमालकसा में दशहरा और शरद पूर्णिमा कल

**सोमनी।** ग्राम परमालकसा कल 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर दशहरा एवं रामलीला आयोजित किया गया है। रात्रि 10 बजे युवराज साहू कृत पुन्नी के चंदा डांस परिवार चिरचारी कला का कार्यक्रम होगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी रामकिसुन साहू ने दी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

### पंचायत एवं निकाय चुनावों की तैयारी शुरू

**मोहला।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली तैयार करने, पुनरीक्षण हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री मारकंडे नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी एवं ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचन कराने निर्वाचन नामावली तैयार पुनरीक्षित कराने की तैयारी का जायजा लेंगे। निर्वाचन नामावली गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटि रहित तैयार किया जाए इसके संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे।

### पिपरिया में डांस प्रतियोगिता आज

**मुरमुंदा।** आदर्श सरस्वती उत्सव समिति पिपरिया एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कल 15 अक्टूबर को रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता रखा गया है।

सामूहिक डांस में विजेताओं को क्रमशः 3001, 2501, 2001, युगल डांस में 2501, 2001, 2001 एवं इकल डांस में 1501, 1001, 701 रुपए दिया जाएगा। यह जानकारी राकेश कंवर ने देते हुए बताया कि इसी तारीख को कुरुभाट में भी डांस प्रतियोगिता रखा गया है।

हम सबके प्रिय नेता
आदरणीय डॉ रमन सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ रमन सिंह जी
विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष
श्रीमती जागृति यदु
सदस्य, जिला पंचायत, राजनांदगांव
चुन्नी यदु
सहसंयोजक, जिला भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024



# 110 सरकारी स्कूलों में टीम ने दी दबिश अनुपस्थित 21 शिक्षकों को थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के सरकारी स्कूलों में देर से आने वाले शिक्षकों के खिलाफ सोमवार को बड़ा एक्शन लिया गया। डीईओ के निर्देश पर कुल 110 सरकारी स्कूलों में टीम बनाकर दबिश दी गई। इस दौरान अनुपस्थित रहने वाले कुल 20 शिक्षक एवं एक सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

लगातार आ रही शिकायत के बीच जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने सभी स्कूलों में निरीक्षण के निर्देश दिए थे। डीईओ स्वयं भी इस दौरान स्कूलों में पहुंचकर निरीक्षण करते दिखे। जिले के अलग-अलग ब्लॉक में टीमें पहुंची और प्रार्थना के दौरान अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

बताया गया कि इस दौरान सभी स्कूलों को अध्ययन एवं अध्यापन के कार्य में कड़ाई बरतने के भी निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर की गइ्र इस कार्यवाही से सरकारी स्कूलो के शिक्षको में आज दिनभर खलबली मची रही।

## इनको नोटिस

दबिश के दौरान अनुपस्थित रहने वाले शिक्षक संजय ठाकरे, श्रीमती रोमा साहू, श्रीमती सुचिता मिश्रा, श्रीमती टी. कलसी, सीके साहू, श्रीमती किरण साहू, टिकेश्वर लहरे, रामजीलाल चंद्रवंशी, बृजेश कुमार मंडावी, खूबलाल महलार्य, सहदेव सिंह, मुकेश कुमार मंडावी, प्रभात कुमार, कमलेश तिवारी, रवि देशमुख, डोमनलाल निषाद, सूर्यकांत शर्मा, विकास सिंह बघेल, विश्वनाथ कम्पैला, भगवती प्रसाद बघेल के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## विद्यार्थियों की संख्या भी देखी

जिला स्तर पर किए गए निरीक्षण के दौरान ही जियो टैग मेप वाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। निरीक्षण स्थल पर ही गूगल सीट पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। इसके साथ ही अवकाश पर रहने वाले शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अवकाश के लिए आवेदन किया गया है या नहीं।




संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इलपेशंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## खबर संक्षेप



### विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थी निहाल जैन, दक्षराज ठाकुर, हेमिश टांक, मेहुल मेश्राम, आदर्श नायक, शौर्य यादव, तन्मय जैन, अखिलेश जंघम शाला के खेल विभाग के प्रयास से खेल प्रशिक्षक कोच निसार अब्बास के कुशल मार्गदर्शन में तीसरी राष्ट्रीय डिफेंडो चैम्पियनशिप मडगांव गोवा में 13 से 15 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। इनकी इस उपलब्धि पर एनपीएस क्रीड़ा विभाग एवं शाला निदेशक मंडल, प्राचार्य भारती गौते सहित शाला परिवार ने इस उपलब्धि पर बधाईयां प्रेषित की।

### श्रीरामलला दर्शन के लिए 93 यात्रियों का दल रवाना

**राजनांदगांव।** राज्य शासन की महती योजना श्री रामलला दर्शन योजना के तहत जिले के नागरिक एवं बुजुर्ग श्रद्धालु अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर रहे हैं। श्री रामलला दर्शन के लिए जिले के बुजुर्ग श्रद्धालुओं का दल प्रतिमाह अयोध्या जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार सुबह जिले के 93 यात्रियों का दल को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। दल में 91 तीर्थ यात्री एवं उनके साथ 2 अनुरंक्षक (एस्कार्ट) शामिल है। यात्रियों को आईआरटीसीआई द्वारा काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या दर्शन कराकर 18 अक्टूबर को वापस पहुंचाया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए वरिष्ठ लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी छत्रपास सिंह एवं खंड स्तरीय बहुउद्देशीय कार्यकर्ता जनपद पंचायत डोंगरगढ़ संगीता राजपूत को अनुरंक्षक सहायक के रूप में साथ रहेंगे। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत डीके कौशिक, उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर, पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठक जनपद पंचायत राजनांदगांव हेमचंद देशलहरे, करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ छत्रपास सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

### श्रद्धा से मनाया धम्म चक्र परिवर्तन दिवस



**डोंगरगढ़।** आदर्श बौद्ध महासभा, नागसेन बुद्ध विहार के तत्वावधान में 68 वा धम्म चक्र परिवर्तन दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परित्राण पाठ किया गया। तत्पश्चात तहसील कार्यालय स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाज के लोगों ने मोमबत्ती प्रज्जलित किया। धम्म गुरु भंते नागरत्न के मार्गदर्शन में सामूहिक वंदना की गई। इस मौके पर भंते नागरत्न ने कहा कि बाबा साहब को दलित परिवार में जन्म लेने के कारण भेदभाव सहन करना पड़ा था। उन्होंने सुधार के अथक प्रयास किए फिर सुधार नहीं होते देख उन्होंने मजबूरन हिन्दू धर्म छोड़ा। कई वर्षो तक अनेक धर्मों का अध्ययन करने के बाद उन्होंने बौद्ध धर्म को ग्रहण किया। नागपुर की दीक्षा भूमि पर 5 लाख अनुयायियों के साथ 14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धर्म को ग्रहण किया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, लोकेश इंदुलकर, पूर्व पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम, शुभम बौद्ध, किरण मेश्राम, अनिल सहारे, सिद्धार्थ नागदेवे, दीपक ऊके, श्री चोखान्द्रे, गौतम रामटेके, वामन चन्द्रिकापुरे, बादल वालदे, चंद्रशेखर बोरकर, मनोज चन्द्रिकापुरे सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सदस्यता व सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा एक साथ

# भाजपा का सदस्यता अभियान एक पखवाड़े तक और बढ़ा




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला भाजपा की सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर प्रमुख नेताओं की एक बैठक 14 अक्टूबर को पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने सदस्यता अभियान एक पखवाड़े तक और बढ़ाने की घोषणा करते कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य में कुछ कमी रह गई है, जिसे पूरा करने कार्यकर्ताओं को 31 अक्टूबर तक का समय और दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पार्टी का सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर तक निर्धारित था, जिसे अब बढ़ा दिया है।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, गीता घासी साहू, सचिन सिंह बघेल, एमडी ठाकुर, प्रदीप गांधी, दिनेश गांधी, चंद्रिका डड़सेना, राजेश श्यामकर, आलोक बिंदल, रवि सिन्हा, आभा तिवारी, विनोद खांडेकर, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, रविन्द्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, कैलाश शर्मा, किशुन यदु, गिन्नी चावला, रघुवीर वाधवा, अतुल रायजादा, शिव वर्मा, किरण साहू, रोहित चंद्राकर, जागेश्वर साहू, अमित जैन, रामकुमार गुप्ता, बोधीराम साहू, बोधन साहू, मोनू बहादुर सिंह, जैनकुमार मेश्राम, बलवंत साहू, रविन्द्र रामटेके, जयंत मेश्राम, हकीम खान, राजेश अग्रवाल, हर्ष रामटेके, गोलू गुप्ता, दादू सोनकर, संतोष गुप्ता, महेन्द्र पटेल, अशोकादित्य श्रीवास्तव, मनोज साहू, कृष्णा तिवारी, इरफान शेख, गुलाब वर्मा, राकेश ठाकुर, मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

### अभियान के प्रगति की समीक्षा

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अब कमजोर बूथ व कमजोर शक्ति केन्द्रों पर दृष्टि जमाएं, ऐसे बूथों व शक्ति केन्द्रों का चयन करें और बढ़े हुए समय का लाभ उठाते ऐसे केन्द्रों में जमीनी मेहनत कर उन्हें सशक्त बनाएं। उन्होंने मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान के प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने स्वागत भाषण दिया व सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता के लिए कार्यकर्ताओं को जुट जाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा व आभार प्रदर्शन दिनेश गांधी ने किया।

# दशहरा के दिन स्कूल व मैदान में चलाया गया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवा बिहान के तहत पुलिस ने दशहरा के दिन शहर के म्युनिसिपल स्कूल, स्टेट स्कूल एवं कमला कॉलेज मैदन में सायबर अपराध एवं नशा के खिलाफ लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर पाम्प्लेट भी वितरित किए गए व प्रोजेक्टर से भी जानकारी दी गई।

पुलिस के अनुसार 5 से 19 अक्टूबर तक संपूर्ण राजनांदगांव जिले में शासन के मंशानुरूप एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त 'नवा बिहान' के तहत सायबर जागरूकता एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### अपराध की वजह नशा

साथ ही नशामुक्ति अभियान के तहत जानकारी देकर नारकोटिक्स ड्रग्स अवैध नशा से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में उपस्थित लोंगों को समझाते कहा कि नशा न केवल व्यक्ति का, शारीरिक व मानसिक नुकसान करता है, बल्कि उसके परिवार को भी पतन की ओर धकेल देता है।

समाज में अपराध की मुख्य वजह नशा ही माना गया है, इसीलिए नशे से दूर रहने हेतु समझाईस दी गई और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु कहा गया।

### साइबर क्राईम के बारे में बताया

जिसके तहत 12 अक्टूबर को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में रावण दहन के पहले लगभग (15,000) पंद्रह हजार की संख्या में उपस्थित लोगों के बीच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा जिले में कई सायबर फ्रॉड के शिकार लोगों का उदाहरण देकर साइबर क्राईम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शेयर बाजार में निवेश के नाम पर फेंक ट्रेडिंग एप के नाम पर ठगी, सेक्सटार्शन, फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर ठगी करने एवं एपीके फाईल लिंक को ओपन न करने, कूरियर कर्मचारी या अधिकारी बनकर कोई पैकेज या पार्सल के नाम पर कस्टम डिपार्टमेंट में अटक गया, जिसे पाने के लिए आपको पहले कस्टम्स ड्यूटी या टैक्स चुकाने के नाम पर ठगी।

### पुलिस को दें जानकारी

सोशल मीडिया में अनजान लोगों को रियल लाईफ में सत्यापन किए बिना उनका फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करने, सोशल मीडिया में फेंक प्रोफाईल के संबंध में तत्काल रिपोर्ट करने, सोशल मीडिया में पोस्ट थर्ड पार्टी एप्स, लिंक अंजान से न जुड़ने, व्हाट्सएप, टिवीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि में प्राईवेसी सेटिंग, टू-स्टेप वेरिफिकेशन ऑन करने हेतु आदि अपराधों के बारे में रोकथाम हेतु जागरूक कर सायबर पोर्टल या सायबर हेल्प लाईन नंबर में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के अलावा अपने निकटतम पुलिस थाना या सायबर सेल जाकर रिपोर्ट करने हेतु कहा गया।

### पाम्प्लेट किया गया वितरण

इसी प्रकार कमला कॉलेज मैदान में लगभग दो हजार पांच सौ लोगों जागरूक कर पांच सौ पाम्प्लेट वितरण किया गया। थाना कोतवाली क्षेत्र के लखोली व लेवर कॉलोनी एवं गौरीनगर में लगभग एक हजार लोगों को पांच सौ पाम्पलेट वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही जिलेभर में दुर्गा पंडालों एवं हाटबजार व सार्वजनिक जगहों में जाकर राजनांदगांव पुलिस द्वारा पोस्टर, बैनर तथा पाम्पलेट वितरण कर जागरूक किया जा रहा है।

### समिति की बैठक 16 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति राजनांदगांव की बैठक 16 अक्टूबर को आयोजित की गई है। बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### डिलापहरी में पंडवानी 16 को

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति घुमियार चौक डिलापहरी द्वारा शरद पूर्णिम अवसर पर 16 अक्टूबर की रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोकरंग पंडवानी का आयोजन किया गया है। जिसमें गरियाबंद जिले के ग्राम बोरिद की पंडवानी गायिका रोशनी नागबंधी पंडवानी की प्रस्तुति देंगी। समिति के अध्यक्ष उत्तम वर्मा एवं भूखन सिंह वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया है। जिसमें समिति पुराने सदस्यों को प्रतीक चिन्ह व श्रीफल देकर सम्मान किया जाएगा।

# डॉ. रमन ने किया काव्य संग्रह का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विजयादशमी के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने निवास में आयोजित एक कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार शत्रुघन सिंह राजपूत के बाल काव्य संग्रह अभी-अभी खिले फूल का विमोचन किया। उन्होंने अपने उदबोधन में बाल काव्य संग्रह अभी-अभी खिले फूल को बच्चों के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताते शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# डीपीएस नांदगांव की बालिका टीम ने जीती प्रतियोगिता

■ फाइनल में डीपीएस ने केरल को 66-41 अंक से किया परास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु समुह में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीता। फाईनल में डीपीएस राजनांदगांव की टीम ने ज्योति निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल केरल को 64-41 अंक से परास्त किया। इसके पूर्व सेमीफाइनल मैच में एपेक्स स्कूल दिल्ली को 66-44 अंक से, क्वार्टर फाइनल मैच में राजनांदगांव की टीम ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ को 50-23 अंक से इसके अतिरिक्त लीग मैचेस में डीपीएस राजनांदगांव की टीम ने पहले लीग मैच में गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर को 26-01 अंक से, सुगुना पीआईपी कोयंबटूर को 43-14 अंक से, ज्योति निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल केरल को 37-28 अंक से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम की और से नताशा प्रजापति, अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, आर्या विजय अवारे, इशा सिंह, भावना बैरवा, अंकिता गुप्ता, नंदनी, आयुषी पटेल, अक्षदा इंगलेकर एवं उत्तरा विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की नताशा प्रजापति को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। टीम के कोच कालवा राजेश्वर राव, कालवा राधा राव सहायक कोच बबीता तिग्गा थे। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका बास्केटबॉल टीम एसजीएफआई द्वारा आयोजित स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर गई है।

# लेखनी और आवाज की दुनिया के जादूगर थे डॉ. चंद्रकुमार

**स्मृति शेष**



**राजनांदगांव।** राष्ट्रपति पदक और छत्तीसगढ़ के राज्य अंलकरण सहित देशभर की कई सामाजिक संस्थाओं से सम्मानित रहे हिन्दी साहित्य के प्रोफेसर डॉ. चंद्रकुमार जैन के आकस्मिक निधन से शोक की लहर है। डॉ. जैन ने न केवल अपनी लेखनी से देशभर में अपनी पहचान बनाई थी, बल्कि कई राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संचालन में उनकी आवाज ने भी लोगों को मंत्रमुग्ध कर रखा था।

उल्लेखनीय है कि पत्रकारिता और उच्च शिक्षा दोनों क्षेत्रों में चार दशक से सक्रिय दिग्विजय कॉलेज के प्रोफेसर रहे डॉ. चंद्रकुमार जैन ने लगभग 20 सृजनात्मक व संपादित पुस्तकों, 30 से अधिक पत्रिकाओं में संपादकीय अवदान के अतिरिक्त करीब 50 शोध आलेखों और 1500 से भी अधिक लेखों के माध्यम से हिंदी भाषा और साहित्य के विकास यज्ञ में अक्षर आहूति दी है। इसी तरह लगभग एक हजार मंचों में उन्होंने दिग्गज हस्तियों, बौद्धिकों, साहित्यकारों और जनसामान्य के बीच भी अपनी अचूक अभिव्यक्ति कला की छाप छोड़ी है। स्व. श्री जैन का अंतिम संस्कार कल 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे बिलासपुर में किया जाएगा।


### कई राष्ट्रीय सम्मान

डा. जैन को देशभर के कई संस्थाओ द्वारा राष्ट्रीय सम्मान से भी सम्मानित किया गया। उन्हें राष्ट्रपति पदक से भी नवाजा गया था। उनके निधन से शहर में शोक की लहर है।

### मूकमाटी से मिली ख्याति

डॉ. जैन ने दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज की महान कृति मूकमाटी पर शोध कर पीएचडी हासिल किया था। गौरतलब है कि आचार्यश्री की कृति पर देशभर में विभिन्न भाषाओं के 50 से अधिक लोग शोध कर चुके हैं। जिसमें डॉ. जैन भी शामिल हैं।

# शरद पूर्णिमा पर 16 को बांटी जाएगी जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ बर्फानी आश्रम में लोक कलामंच स्वरधारा की होगी प्रस्तुति

बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम परिसर में शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर की रात्रि में मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा की भी प्रस्तुति रात्रि में होगी।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि देशभर में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में संपन्न होने के बाद संस्था द्वारा मानव एवं जनकल्याण के तहत श्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को पिछले 27 वर्षों से दुर्लभ जड़ी बुटियां एकत्रित कर पौराणिक मान्यताओं अनुसार जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसादी तैयार कर ब्रम्हमुहूर्त में वितरित की जाती है। इस वर्ष भी संस्था द्वारा लगभग 30 हजार से भी अधिक पीड़ितों के लिए खीर प्रसाद तैयार करवाया जा रहा है, जिसे शरद पूर्णिमा की रात्रि चंद्रकला से प्राप्त होने वाली अमृतरूपी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इसके लिए संस्था ने व्यापक पैमाने पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वहीं पीड़ितों से पंजीयन कराने की अपेक्षा की है। लोक कलामंच व लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष भी संस्कारधानी के लोक कलाकार विष्णु कश्यप द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा के कलाकारों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, जस व पारंपरिक गीत व नृत्य के अलावा हास्य व्यंग्य प्रहसन प्रस्तुत किया जाएगा।

# विकास कार्यों के लिए लाखों की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ एवं छुरिया विकासखंड के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 21 लाख 25 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ विखं के ग्राम मोतीपुर में वार्ड क्र. 1 साहू पारा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम मोतीपुर में वार्ड क्र. 1 अजा वार्ड में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम मोतीपुर में सामुदायिक भवन साहू पारा के पास टिन शेड निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रुपए, ग्राम खुडमुड़ी में वार्ड नंबर 13 धरम वर्मा गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रुपए, ग्राम ठेकवा में रामायण मंच के सामने गली क्रांकीटीकरण निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम सलोनी में वार्ड नंबर 3 से भुनेशर घर से भुलिया तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम बिजनापुर में तालाब के पास स्टील रेंलिंग के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम कारूटोला में वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख इसी तरह छुरिया विखं के ग्राम लाममेटा में गली क्रांकीटीकरण कार्य के लिए 4 लाख रुपए, ग्राम आमगांव कु में पोस्ट ऑफिस गली में सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### सत्संग प्रवचन 16 को

**राजनांदगांव।** सत्संग समिति तुमडीबोड द्वारा शरद पूर्णिमा अवसर पर प्रतिवर्ष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा अवसर पर रात्रि 8 बजे से धमतरी जिले के ग्राम परसतराई के प्रवक्ता देवराम धनकर का सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया है। सत्संग समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के दिन कार्यक्रम के पश्चात रात्रि में ग्रामवासियों को खीर वितरण किया जाएगा। सत्संग समिति के अध्यक्ष खेलूराम साहू एवं सचिव अमरोतन साहू द्वारा उक्त कार्यक्रम में ग्रामवासियों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। सत्संग समिति द्वारा लगातार विगत 20 वर्षों से ग्राम में धार्मिक एवं सत्संग, प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम समिति के सदस्यगण शंकरलाल साहू व्याख्याता, पुरूषोत्तम साहू, हेमराय कुंभकार, रामकुमार साहू महंत, पूरन साहू, उर्वसन साहू, श्यामलाल साहू, राजू साहू, हूमन साहू, संतोष साहू, रिखीराम, संतोष श्रीवास, नीलकंठ साहू एवं राजेश आदि तैयारी में लगे हुए हैं।

## सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय को और ऊंचाई तक ले जाएंगे : कुलसचिव

# संस्थापकों को याद कर विवि का 68वां स्थापना दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का 68वां स्थापना दिवस संस्थापकों को याद कर मनाया गया। सर्वप्रथम कुलसचिव सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा राजा वीरेन्द्र बहादु सिंह, रानी पद्मावती देवी सिंह व उनकी पुत्री राजकुमार इन्दिरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

इसके पश्चात छात्रों द्वारा इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कुलगीत की मनोरम प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय की गरिमा को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास हम करते रहेंगे। संस्थापकों के समर्थन तथा शासन-प्रशासन के सहयोग से विश्वविद्यालय को अधिक ऊंचाई तक ले जाना है। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बेहतर अवसर प्रदान करेंगे जिससे उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आयेगी जिससे वे बेहतर प्रदर्शन कर पायेंगे।

उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाले समय में आप सभी एक महान कलाकार बने और अपने गुरूओं सहित इस विश्वविद्यालय का नाम रौशन करें। इससे पहले कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो.डॉ. मृदुला शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलगीत में ही यहां का आदर्श समाहित है जिसे हमें अपने जीवन में उतारना है।

इसके साथ ही हमें कलाओं के संरक्षण व संवर्धन को लेकर अपना दायित्व भी निभाना चाहिये। उन्होंने आगे कहा कि राजा-रानी ने अपनी पुत्री राजकुमारी इंदिरा की याद में जो बीजारोपण किये थे वह आज विशाल वट वृक्ष के रूप में नजर आ रही है जिसके संरक्षण की जिम्मेदारी अब हमारी है।

कार्यक्रम का संचालन डीएसडब्ल्यू की प्रभारी डॉ. देवमाईत मिंज ने की। इस अवसर पर अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय प्रो. डॉ. राजन यादव, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो. डॉ. नमन दत्त, अधिष्ठाता लोक संगीत संकाय डॉ. योगेन्द्र चौबे, सहायक कुलसचिव राजेश कुमार गुप्ता सहित प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्रगण मौजूद रहे।

**महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस**
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024



# शिक्षक एलबी संवर्ग ने अपनी लंबित पांच सूत्रीय मांगों के लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा अपनी लंबित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आज संघ के पदाधिकारी ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षण कराया है।

अपनी लंबित मांगों को पूरी करने के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की गई और मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम ज्ञापन सौंपा है।



**मांगों के निराकरण के लिए ज्ञापन :** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा अपनी 5 सूत्रीय लंबित मांगों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है। जिसमें सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाने, समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.96 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित कर एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में करने मांग रखी है।

## पूर्णकालिक सेवा अवधि गणना की मांग

इस दौरान संघ के जिला अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि 1 जुलाई 2018 से एलबी शिक्षकों का संविलियन किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी सेवा अवधि की गणना 2018 से कर रही है। जबकि हम वर्ष 1998, 2004, 2008 और 2010 से कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि 2018 से गणना का हम विरोध करते हैं।

# डॉ. रमन के जन्मदिन पर आयोजन में शामिल होंगे सीएम सहित मंत्रिमंडल



**राजनांदगांव।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर शहर में सुबह से लेकर रात तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह के जन्मदिन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कई मंत्री शामिल होंगे।

विधानसभा के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का कल 15 अक्टूबर को जन्मदिन है। इसे लेकर शहर के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिसमें डॉ. रमन सिंह दोपहर से देर रात तक सक्रिय रहने वाले हैं।

## म्युनिसिपल स्कूल में कवि सम्मेलन

जिला भाजपा मीडिया सेल के अनुसार डॉ. सिंह सुबह 11 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे सीआरसी सेंटर ठाकुरटोला पहुंचेंगे, जहां ट्राईसिकल के वितरण का कार्यक्रम है। इसके पश्चात वे दोपहर 1 बजे निवास जीई रोड आकर प्रधानमंत्री आवास व पोठ लईका हितग्राहियों से मुलाकात करेंगे, फिर दोपहर 2 बजे कैलाश नगर स्थित पुखराज कांकरिया के निवास स्थान जाएंगे। तत्पश्चात शाम 6 बजे आजाद चौक में जन्मदिन के सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, फिर वे रात्रि 8.30 बजे म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भावेश बैद द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन का लुत्फ उठाएंगे।















## खबर संक्षेप

### बघेल बने कार्यकारी प्रांताध्यक्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के राजनांदगांव जिला अध्यक्ष रामनारायण सिंह बघेल को



प्रदेश संगठन का कार्यकारी प्रांताध्यक्ष भी बनाया गया है। विगत दिनों बिलासपुर में संपन्न प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ की बैठक आहूत कर निर्वाचन प्रक्रिया भी संपन्न हुई। जिसमें संघ के प्रांताध्यक्ष सुनील कौशिक बिलासपुर, महामंत्री काशीराम रजक मल्हार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कन्नौजे रायपुर के अलावा रामनारायण सिंह बघेल को सर्वसम्मति से प्रदेश का कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारी उप प्रांताध्यक्ष सत्यदेव वर्मा, आशा लता चौहान एवं प्रांतीय मंत्री अजय श्रीवास्तव चौकी, दीपक सिंह ठाकुर धमतरी, अजय श्रीवास्तव छुईखदान, चंद्रकला शर्मा बिलासपुर, कार्यालय मंत्री डॉ. भूपेन्द्र धर दीवान बिलासपुर, प्रवक्ता बलराम पाण्डे रतनपुर, प्रमुख संगठन मंत्री विश्राम निर्मलकर, संगठन मंत्री कामेश्वर वैष्णव आदि शामिल हैं। बैठक में निर्वाचित पदाधिकारी के पदोन्नति क्रमोन्नति, समयमान, वेतनमान, डीए व अन्य समस्याओं को प्रमुखता से शासन के समक्ष रखने का निर्णय लिया।

### एनबीआईएस में श्रद्धांजलि सभा



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी द्वारा देश के उद्योगपति रतन टाटा तथा राजनांदगांव की प्रमुख शिक्षाविद् रही डॉ. हेमलता मोहबे को विशेष सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रतन टाटा न केवल भारत देश अपितु विदेशों में भी अपना परचम लहराएं हैं। एक उद्योगपति होने के साथ-साथ एक महान समाजसेवी भी रहे, जिन्होंने निरंतर समाज के हित में कार्य किया है। आज देश के हर नागरिक को रतन टाटा पर गर्व है। इसी तरह राजनांदगांव की शिक्षाविद् रही डॉ. हेमलता मोहबे के आकस्मिक निधन पर दोनों दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। एनबी ग्रुप से सभी शालाओं का उद्घाटन डॉ. हेमलता मोहबे के कर कमलों से ही संपन्न हुआ। श्री बाजपेयी की शिक्षिका रही डॉ. मोहबे हमेशा एक मार्गदर्शक, एक आदर्श, एक प्रेरणास्वरूप के रूप में रही है। श्रद्धांजलि सभा में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक तथा बच्चों ने मौन रहकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

### 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**राजनांदगांव।** बड़ौदा आरसेटी में 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन 11 अक्टूबर को मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। यह प्रशिक्षण प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मोहला-मानपुर-चौकी के मनरेगा मजदूर परिवार के लिए आयोजित किया गया।

### खुटेरी के ग्रामीणों ने की शिकायत, कार्रवाई की उठी मांग

# फैक्ट्री की गंदगी से भड़का आक्रोश ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

ग्राम खुटेरी में कमल साल्वेंट सहित तीन अन्य फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी को लेकर ग्रामीण भड़क गए हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत कर पर्यावरण प्रदूषण व स्वच्छता की जांच कराने की मांग की है।

सरपंच रेखा कोसरे सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि साल्वेंट व अन्य फैक्ट्रियों का गंदा पानी नाला से होकर शिवनाथ नदी में मिल रहा है। इससे शिवनाथ नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। शिवनाथ से जल प्रदाय योजना अंतर्गत 24 गांव में पेयजल सप्लाई हो रही है। गांव में भी नलकूप का पानी खराब आ रहा है। जिसका उपयोग करने से बीमार होने की संभावना बढ़ गई है, इसलिए ग्रामीणों ने फैक्ट्रियों में पर्यावरण प्रदूषण की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने हाईवे में सड़क जाम करने की चेतावनी दी है। सरपंच रेखा कोसरे व पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि कमल साल्वेंट के काले धुएं के साथ गंदा पानी को लेकर गांव के लोग परेशान हो गए हैं। फैक्ट्रियों में स्वच्छता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि साल्वेंट के संचालक पंचायत को ना उद्योग शुल्क दे रहे हैं और ना ही स्वच्छता शुल्क देने में गंभीरता दिखाते हैं।

#### कृषि भूमि हो रही खराब

सरपंच रेखा कोसरे ने कहा कि साल्वेंट से निकलने वाली गंदगी से भी लोग परेशान हैं। कृषि भूमि तक खराब हो रहा है। यहां पर्यावरण प्रदूषण के साथ घास भूमि की जांच की जाए। पूर्व सरपंच हेमंत साहू व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हाईवे से खुटेरी गांव की रोड किनारे कई फैक्ट्रियां हैं। इसमें अरिहंत पैकेजिंग, जय अंबे चिप्स व हाइटेक पैनल्स फैक्ट्री संचालित है। चिप्स फैक्ट्री के भीतर और भी कई कंपनियां नियम विरुद्ध चल रही है। पर्यावरण विभाग के नियमों को अनदेखी कर यहां प्रदूषण किया जा रहा है। वहीं स्वच्छता का भी ख्याल नहीं रखा हैं। हाइटेक पैनल्स का वेस्टेज पदार्थ भी खुटेरी व सुरगी रोड में छोड़ा जा रहा है। काले धुएं से ग्रामीण परेशान हो चुके हैं। परेशानी बताने पर राजनीतिक रौब दिखाकर ग्रामीणों को भगा दिया जाता है।

#### जांच कराकर करें कार्रवाई

ग्रामीणों ने बताया कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो फैक्ट्री के सामने चक्काजाम करने की चेतावनी दी गई है। फैक्ट्रियों के काले धुंए व निकलने वाली गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम की तक चेतावनी दी है। खबर है कि फैक्ट्रियों के खिलाफ प्रशासन से शिकायत होने की भनक लगते ही फैक्ट्री संचालकों द्वारा राजनीतिक नेताओं के शरण में पहुंच गए हैं, ताकि उनके खिलाफ किसी तरह की जांच व कार्रवाई ना हो, पर ग्रामीण भी अड़े हुए हैं कि उचित कार्रवाई हो।

# मुख्यमंत्री साय आज जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल 15 अक्टूबर को राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री साय 15 अक्टूबर को दोपहर 3.10 बजे बस्तर जिले से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.10 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.15 से शाम 4.30 बजे तक पुलिस लाइन राजनांदगांव में उत्कृष्ट खिलाड़ियों से भेंट करेंगे। वे शाम 4.30 बजे पुलिस लाइन राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.40 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। शाम 4.40 से शाम 7.5 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा।

मुख्यमंत्री शाम 7.5 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 7.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। शाम 7.15 से रात्रि 8.15 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा।

मुख्यमंत्री साय रात्रि 8.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर रात्रि 8.30 बजे म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण राजनांदगांव में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री रात्रि 10 बजे म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण राजनांदगांव से कार द्वारा मुख्यमंत्री निवास रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जामरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम 16 को

**मुरमुंदा।** जामरी में नवयुवक सरस्वती उत्सव समिति शीतला चौक एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में लहर गंगा लोक कला सांस्कृतिक धनेली का आयोजन आगामी 16 अक्टूबर को किया गया है। यह जानकारी भुवनलाल सिन्हा ने देते हुए आसपास के लोगो को आने की अपील किया है।

## भारोत्तोलन स्पर्धा में जगदीश ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हिमाचल प्रदेश (नगरोटा बगवां कांगड़ा) खेलो इंडिया अकादमी नगरोटा बगवां में चल रही महिला-पुरूष की राष्ट्रीय भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) चैम्पियनशिप स्पर्धा सब जूनियर, जूनियर और सीनियर केटेगरी में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव जिला जय भवानी व्यायाम शाला की वेट लिफ्टर आर्मी कैम्प पुणे में अभ्यासरत एसएससीबी की टीम से जगदीश विश्वकर्मा प्रतिनिधित्व करते 102 किग्रा वर्ग समूह में स्वर्ण पदक पर अपना नाम किया।

प्रतियोगिता के संबंध में राजनांदगांव भारोत्तोलन संघ व जय भवानी व्यायाम शाला के अध्यक्ष अमीत आजमानी ने बताया कि जगदीश विश्वकर्मा 353 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 157 किग्रा स्नैच और 196 किग्रा क्लीन जर्क कुल वजन 353 किग्रा भार उठाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। जगदीश विश्वकर्मा स्नैच का पुराना रिकार्ड 152 किग्रा स्नैच को तोड़कर नया रिकार्ड 157 किग्रा वजन उठाकर नया रिकार्ड बनाकर नया कीर्तिमान बनाया। जगदीश की उपलब्धि व नया रिकार्ड बनाकर गोल्ड मेडल लेने पर अजय श्रीवास्तव, डोमन महोबिया, नीलू शर्मा, जीतू मुदलियार, अमीत आजमानी, अशोक श्रीवास, शेख वसीम, नीरज शुक्ला, विवेक रंजन सोनी, बसंत मैगी, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, चोवाराम सोनकर, आकाश सोनी, नाहिद अख्तर, रितेश घरड़े, अभिषेक आजमानी, तामेश्वर बंजारे, प्रेम कापसे, जय पटेल, नारायण लोहार, दाऊद खान, जग्गू ठाकुर, रामा यादव, अजय कुलदीप, नितीन शर्मा, भरत साहू, नोमेन्द्र यादव, मनीष तिवारी, दिनेश राजपूत, सुखराम मेश्राम, गोलू यादव, गौकरण सोनकर, कोमल गुप्ता, सरला साहू, वैभव देवांगन, अरूण गुप्ता, रविन्द्र सुधाकर आदि सदस्यो ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

#### बना नया रिकार्ड

श्री आजमानी ने बताया कि जगदीश विश्वकर्मा स्नैच में नया रिकार्ड बनाकर राजनांदगांव जिला व जय भवानी व्यायाम शाला का मान बढ़ाया। जगदीश राजनांदगांव की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय वेट लिफ्टर खिलाड़ी हैं और प्रथम गोल्ड मेडल लाने वाला खिलाड़ी जगदीश 2011 में कैप्टाउन (दक्षिण अफ्रीका) यूथ कॉमन वेल्थ गेम्स में राजनांदगांव के लिए पहला गोल्ड मेडल लाने वाला पहले खिलाड़ी हैं। जगदीश खेल की शुरूआत जय भवानी व्यायाम शाला से किया। व्यायाम शाला के प्रशिक्षक अशोक श्रीवास के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्मी कैम्प व आर्मी टीम में शामिल हुआ। जगदीश छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खेल अलंकरण अवार्ड शहीद पंकज विक्रम, शहीद कौशल यादव, शहीद राजीव पांडेय जैसे अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

## कॉलेज में छात्रवृत्ति ओटीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 30 सितंबर को प्रभारी प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में छात्रवृत्ति संबंधित ओटीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को ओटीआर संबंधित जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने व समझने कहा। साथ ही छोटी-छोटी तकनीकी बाधाओं से निपटने समय पूर्व तैयार रहने प्रेरित किया। छात्रवृति प्रभारी शिवेन्द्र कुमार द्वारा छात्रवृत्ति के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नेशनल छात्रवृत्ति पोर्टल पर एक बहुत बड़ा बदलाव लाया गया है। पोर्टल पूरी तरह से बदल गया है और सेशन 2024-25 के सभी छात्रों के लिए ओटीआर रजिस्टेशन लागू कर दिया गया है। अब सभी छात्रों को एनएसपी पोर्टल पर आवेदन करने उनके पास ओटीआर नंबर का होगा जरूरी के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

हिन्दी के सहा. प्राध्यापक गुणवंता दास खरे द्वारा छात्रों को मार्गदर्शन किया गया। तत्पश्चात प्रकाश कोष्टा ने ओटीआर रजिस्ट्रेशन की पूर्ण प्रक्रिया विद्यार्थियों को बताया और इससे संबंधित 2 प्रकार के एप्लीकेशन को प्ले स्टोर से डाउनलोड कराकर उसमें रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकायों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ट्रेन से कटा, मौत

**राजनांदगांव।** एक युवक गत दिवस रेलवे लाईन में ट्रेन से कट गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गत दिवस मुसरा-आलीवारा रेलवे लाईन खंभा नं. 913/26 के पास एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है, जो सफेद शर्ट, नीला लोवर पहना है। पुलिस मृतक की शिनाख्ति का प्रयास कर रही है।

### दिग्विजय कॉलेज में युवा प्रतिभा खोज परीक्षा एवं युवा सम्मान समारोह आयोजित

# मोदी सरकार ने देशभर में युवाओं के कौशल विकास के लिए किया सार्थक प्रयास : मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छात्र युवा मंच राजनांदगांव द्वारा विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्थानीय दिग्विजय कॉलेज के आडिटोरियम में 13 अक्टूबर को छात्रों के हितार्थ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें मुख्य रूप से युवा प्रतिभा खोज परीक्षा का ऑनलाइन माध्यम से आयोजन, युवा सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण सह-कैरियर मार्गदर्शन संबंधी प्रश्नमंच का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि छात्र युवा मंच द्वारा विगत 11 वर्षों से लगातार डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह आयोजन युवाओं में जागृति लाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता रहा है। छात्र युवा मंच के इस आयोजन में 60 विभिन्न स्कूलों के 1690 बच्चों ने प्रतिभा खोज परीक्षा में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूर्व सांसद मधुसूदन ने परीक्षा के विजेता प्रतिभागियो को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। आयोजन में पूर्व सांसद श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देशभर में मोदी सरकार द्वारा कौशल विकास को प्राथमिकता देते कृषि, तकनीकी, चिकित्सा शिक्षा आदि के क्षेत्रों में संसाधन उपलब्ध कराकर युवाओं के स्किल डेव्हलपमेंन्ट का सार्थक प्रयास किया गया है। उन्होंने छात्रों से निराशावादी मानसिकता का त्याग कर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने एवं अपनी कमियों को पहचान कर उन्हें अपनी ताकत बनाते अपने जीवन लक्ष्य हासिल करने प्रोत्साहित किया।

#### बड़ी संख्या में रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव समेत अन्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, प्राध्यापक ओंकारलाल श्रीवास्तव, समीर गजभिये, पार्षद शिव वर्मा, पूर्व पार्षद देवशरण सेन, भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारी चैनदास जंघेल, समाजसेवी संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, प्रियंक सोनी, नोमेश वर्मा समेत आयोजन समिति छात्र युवा मंच की ओर से प्रदेश संयोजक रक्तवीर नागेश यदु, प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा, प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल, प्रदेश सह-संगठक दीपक देवांगन, प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू, प्रदेश सह-प्रमुख लोकेश बारापात्रे, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश साहू, महामंत्री राजू साहू, प्रदेश सह-प्रमुख अगेश्वर वर्मा, कृष्णकांत साहू, भागवत वर्मा, उकेश साहू, दिग्विजय कॉलेज अध्यक्ष साहिल वर्मा, जिलाध्यक्ष खेमचंद साहू, ढालेश्वरी साहू, कुलेश्वरी साहू, कुसुम साहू, पायल साहू उपस्थित रहे।

## अहंकारी का पतन निश्चित



**सोमनी।** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व पर सोमनी में विशाल रावण पुतले का दहन किया गया। रावण दहन कार्यक्रम में शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे शामिल हुए। श्री कन्नौजे ने जय श्रीराम का उद्घोष करते कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम हम सबके आदर्श हैं। उन्होंने अहंकारी और अधर्मी रावण का वध कर मानव समाज को यह संदेश दिया कि कितना भी बड़ा विद्वान हो, कितना भी बड़ा राजनीतिज्ञ हो, यदि वह अधर्म के रास्ते पर चलता है और उस पर अहंकार करता है तो उसका पतन निश्चित है।

इस दौरान दशहरा उत्सव समिति व ग्रामवासी सोमनी के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, कांग्रेस नेता अंगेश्वर देशमुख, प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्र, दीपांकर दुबे, सोनू मिश्रा, जितेंद्र पांडे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। कमला कॉलेज में विजयादशमी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हुए। इस दौरान महामंत्री नीरज कन्नौज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर दोनों के बीच विशेष चर्चा भी हुई।


छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष
एवं विधायक राजनांदगांव
15
OCTOBER
आदरणीय
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
विनीत - समस्त भाजपा कार्यकर्ता, राजनांदगांव (छ.ग.)


Happy Birthday
15TH OCT.
DR. RAMAN SINGH JI
मान. डॉ. रमन सिंह जी
(अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगगढ़)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
मधुसूदन यादव
अभिषेक सिंह
प्रदीप गांधी
रामजी भारती
संतोष अग्रवाल
रमेश पटेल
सचिन बघेल
दीनेश गांधी
नीलू शर्मा
कोमल जंघेल
संजीव शाह
विनोद खांडेकर
गीताघासी साहू
विक्रांत सिंह
घम्मन साहू
मदन साहू
राजेन्द्र गोलछा
रविन्द्र वैष्णव
कोमल राजपूत
सौरभ कोठारी
रविन्द्र सिंह
लक्की भाटीया
किशुन यदु
भावेश बैद

## खबर संक्षेप

### जिले के शेष बचे अंशधारी को शक्कर वितरण 16 अक्टूबर से प्रारंभ

**हरिभूमि कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा में अंशधारी गन्ना उत्पादक अंशधारी सदस्यों को रियायती दर राशि 25 रूपए प्रति किलो ग्राम पर शक्कर का वितरण का शुभांरभ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रारंभ किया गया था। कारखाना द्वारा पहले गन्ना उत्पादक अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर शक्कर वितरण किया गया, जिसके बाद शेष बचे अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर शक्कर का वितरण किया जाना है। इसी क्रम में भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के द्वारा 16 अक्टूबर से शेष बचे अंशधारी सदस्यों को भी रियायती दर 25 रूपए प्रति किलो ग्राम पर शक्कर का वितरण प्रारंभ किया जाएगा। रियायती दर पर शक्कर के वितरण के लिए पृथक से दिशा-निर्देश कारखाना प्रबंधन द्वारा यथाशीघ्र जारी किया जाएगा।

### पालिका आम निर्वाचन व पंचायत निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार

**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिका आम निर्वाचन 2024 और पंचायत निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम निर्धारित किया गया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि नगर पालिका आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां 16 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय 23 अक्टूबर दोपहर 03 बजे तक, दावा-आपत्ति के निपटारे की अंतिम तारीख 29 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री साहू ने बताया कि पंचायत निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां 24 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय 29 अक्टूबर दोपहर 03 बजे तक, दावा-आपत्ति के निपटारे की अंतिम तारीख 04 नवंबर को निर्धारित किया गया है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर 2024 को किया जाएगा।

### राशन कार्ड ई केवाईसी 31 तक

**कवर्धा।** जिले में 2 लाख 86 हजार 408 राशन कार्ड का नवीनीकरण व राशन कार्ड में शामिल सभी 9 लाख 269 सदस्यों को ई केवाईसी कराया जाना है। घर के निकट के किसी भी राशन दुकान में राशन कार्ड व आधार कार्ड को फोटों कापी लेकर जाकर राशन कार्ड का नवीनीकरण कराएं।

असत्य पर सत्य की जीत परंपरा का निर्वहन करते हुए दशहरा पर्व मनाया गया

# सिंघनपुरी जंगल में सांग-बाना के साथ भक्तजनों ने दी मां दुर्गा को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

विकासखण्ड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी जंगल में दशहरा पर्व के दूसरे दिन मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान भक्तजनों व श्रद्धालुओं द्वारा सांग-बाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक, गृहमंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा क्षेत्रीय दौरे कार्यक्रम के दौरान शामिल हुए साथ ही साथ मां दुर्गा प्रतिमा का दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर ग्राम सिंघनपुरी जंगल सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों में भारी भक्तिमय का माहौल व उत्साह देखा गया।

शारदीय नवरात्र को लेकर नौ दिनों तक गांव, गली-मोहल्ला तथा नगर को भव्य लाईट-झालर से साज-सज्जा किया गया वही ग्रामीण भक्तजनों द्वारा जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमा के अनेकों स्वरूप स्थापित कर उसकी विधि विधान से पूजा अर्चना कर जन समुदाय व जस गीत सहित विभिन्न प्रकार से माता की सेवा भक्ति की गई वहीं दसवें दिन असत्य पर सत्य की जीत परंपरा का निर्वहन करते हुए रावण दहन कर दशहरा पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही साथ दशहरा पर्व के दूसरे दिन मां दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन ग्रामीण व भक्तजनों द्वारा माता को नम आंखों से विदाई दी गई। इस दौरान ग्राम पंचायत सिंघनपुरी जंगल सरपंच बालुराम जंघेल, पंचगण, मां दुर्गा समिति व ग्रामवासियों की ओर से सांग-बाना कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें आरंग-महासमुंद से आए अनेकों माता के भक्तों ने मां दुर्गा विसर्जन के अवसर पर अपने शरीर पर अनेकों सांग-बाना लगाए हुए, मां दुर्गा चौरा पंडाल से बाजार चौक, स्कूल, देहान होते हुए तालाब में माता रानी को विदाई दी गई।






#### जींभ, गाल, भूजा व हाथ में बाना देने की

मां दुर्गा के उपासक सिंघनपुरी जंगल के निवासियों ने मां दुर्गा पूजन कर सांग बाना से अपने शरीर के जींभ, गाल व हाथ को एक तरफ से छेदकर दूसरे तरफ निकाल के घंटों देवता के रूप धारण कर थिरकते रहें। बताते है कि जब किसी व्यक्ति के ऊपर देवा का वास होता है तो वह मांग करता है कि उसे बाना दिया जाएं जब पंडा उसे बाना देते है उस समय उनके शरीर में दर्द नही होता जब देवता का वास होता है उस समय कई अंग जैसे जींभ, भूजा, हाथ व गाल में बाना लेने की परम्परा रही है उसे लोग ग्रामीण बोलचाल की भाषा में बम चढ़ना,बाना लेना भी कहते है।

#### हुमधूप व नारियल देने की परंपरा

देवता बम चढ़े व्यक्ति को हुमधूप व नारियल देकर मनाते है, जिससे वे मान भी जाते है। ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे जस गीत बजते जाता है वैसे ही देवता चढ़ने वाले के ऊपर में देव स्वरूप वास होता है और वह झूमने लगता है। ग्रामीण पंडा उसे हुमधूप दिलाकर मनाते है।



# उपमुख्यमंत्री ने पॉवर लिफ्टिंग राष्ट्रीय पदक विजेता का किया सम्मान

- सभी विजेताओं को बधाई व उनकी उज्जवल भविष्य के कामना की गई : उमंग पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा कबीरधाम जिला के भारत हैल्थ क्लब जिम के राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग पदक विजेता को अपने आवास में सम्मानित किया। यह सभी खिलाड़ी चित्तौड़गढ़ राजस्थान राज्य में वेस्टर्न इंडिया पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में आयोजित किया गया, जिसमें कबीरधाम जिले के सीनियर वर्ग में सूरज राजपूत, शुभम तिवारी, सब-जूनियर अनुराग जांगड़े, महिला वर्ग में सब-जूनियर सौम्या पांडेय व दीपाली सोनी जिन्होंने राज्य व शहर के लिए नेशनल में मेडल जीत कर जिले व छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया। यह सभी खिलाड़ी इससे पहले राष्ट्रीय स्तर में मेडल प्राप्त कर चुके हैं व वेट लिफ्टिंग बॉडी बिल्डिंग में भी राष्ट्रीय स्तर में अपना शानदार प्रदर्शन कर चुके है।

कबीरधाम जिला हमेशा पॉवर लिफ्टिंग बॉडी बिल्डिंग व वेटलिफ्टिंग खेल के लिए हमेशा छत्तीसगढ़ राज्य में विजेता रहा है यह सभी खिलाड़ी सूरज राजपूत के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं यह सभी खिलाड़ियों को जिले पॉवर लिफ्टिंग संघ उपाध्यक्ष, सभापति उमंग पाण्डेय, द्वारा हमेशा खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़-चढ़कर हमेशा सहयोग करते रहते है सभी विजेताओं को उमंग पाण्डेय ने आगे बढ़ते रहने हेतु बधाई व उनकी उज्जवल भविष्य के कामना की गई। साथ ही कवर्धा के पूर्व विधायक सियाराम साहू ने भी स्वागत कर बधाई दी।

# महली में शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम से मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

ग्राम महली में शारदीय नवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम महली नव दुर्गा उत्सव समिति, बैगा चौक द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मां शारदा जगराता कार्यक्रम जिसमें कबीरधाम व मुंगेली जिला कें कलाकारों द्वारा शानदार मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुति दी साथ ही साथ दो दिवसीय बच्चों का मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें गिताराम साहू, जितेंद्र कश्यप व घनश्याम चंद्राकर की जगराता कार्यक्रम तथा नंद चंद्राकर की जगराता कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व भक्तजन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जगराता कार्यक्रम का आनंद लिया। इस दौरान महली निवासी व्याख्याता तुलस चंद्राकर द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने अपने पिता की स्मृति में कक्षा 10वीं व 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 1001 रुपए व स्मृति चिन्ह तथा कक्षा 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 201 रुपए व स्मृति चिन्ह पूरे परिवार द्वारा प्रदान करने की घोषणा की गई।

वहीं अंतिम दिवस पर रघुराई चंद्राकर कें मुख्य आतिथ्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न किया गया, श्री चंद्राकर द्वारा बच्चों कें उत्साह वर्धन के लिए 21 सौ रुपए प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन तुलस चंद्राकर व अनिल साहू ने किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

# कृषकों का दल पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए बस्तर संभाग प्रस्थान

- जिले के 71 कृषकों को 14 से 18 अक्टूबर तक भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कृषि विभाग में संचालित केन्द्र प्रवर्तित परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत विकासखण्ड बोड़ला के लरबक्की, अमेरा, राली कलस्टर के कृषकों को राज्य के अंदर बस्तर संभाग के जिले जगदलपुर, नारायणपुर, कोण्डागांव व दंतेवाड़ा में जिले के 71 कृषकों को 14 से 18 अक्टूबर तक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। राज्य के बाहर उक्त कृषकों को भ्रमण के लिए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने हरि झण्डी दिखाकर शुभकानाओं सहित रवाना किया। कृषि विभाग के उपसंचालक श्री मोहंती ने बताया कि भ्रमण में कृषकों को मूल्यप्रवर्धित उत्पादों का प्रसंस्करण, विपणन एवं नवीन कृषि तकनीकी जानकारी प्रदाय किया जाना है। भ्रमण के दौरान रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, नारायणपुर कृषक प्रशिक्षण केन्द्र जगदलपुर तथा उन्नतशील एवं प्रगतिशील खेती करने वाले कृषकों के प्रक्षेत्र में भ्रमण एवं परिचर्चा कर उन्नत तकनीकी की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस दौरान डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा सुशील वर्मा, नोडल अधिकारी सारांश शर्मा, कृषि विकास अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मनाया 99वां स्थापना दिवस



**हरिभूमि कोलेगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कवर्धा खण्ड ने 99वां स्थापना दिवस एवं शस्त्र पूजन राजानवागांव मे आयोजित किया गया। विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामवतार पटेल, खण्ड संघचालक सूर्यप्रकाश चंद्रवंशी, मुख्यवक्ता उत्तर यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ अपने विधि से प्रारंभ किया, पथ संचलन पूर्व माध्यमिक शाला से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण करते हुए भोरमदेव रोड़, बाजार चौक होते हुए एकत्रीकरण स्थल पर पहुंची। वहीं अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन, मां भारती, संघ के संस्थापक केशवराव बलीराम पंत हेडगेवार द्वितीय संघ चालक गुरू का विधि विधान से की पूजा-अर्चना किया गया। मुख्य अतिथि श्री पटेल द्वारा अपने व्यक्त्व में संघ की स्थापना विषय पर प्रकाश डाले। उन्होने रामायण के चौपाई द्वारा भगवान श्रीरामचंद्र के द्वारा समाज के लिए किए गए कार्य को बताया गया। साथ ही साथ को संगठित होकर रहने अपने समाज और भारत माता के सेवा करने की बात कही और संघ द्वारा समय समय पर किए गए सेवा कार्य को याद किया। अंत में अहिल्या बाई होलकर के विषय पर अपनी बात रखी और नारी सशक्तिकरण पर जोर दिए। संघ के पंच प्रण समाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वबोध एवं स्वावलंबन, नागरिक कर्तव्य बोध पर अपनी बात रखी। वहीं विजयादशमी उत्सव में जिला के सहकार्यवाह रवि वर्मा, हलधर नाथ योगी, जिला के कार्यकरिणी रवि चंद्रवंशी, जलेश साहू, कामदत्त गेंद्रे, राजकुमार विश्वकर्मा, पृथ्वी सिंह धुर्वे एवं सावन चंद्रवंशी खण्ड कार्यवाह, लीलागर चंद्रवंशी, तिलक पटेल, कोमल साहू,तुलेश्वर पटेल, सुखदेव श्रीवास एवं खण्ड कार्यकरिणी, अनुशांगिक संगठन जिला खण्ड के बंधू, भगिनी एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ बाल स्वयंसेवक बन्धु एवं ग्रामीण जनमानस बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### वर्षो बाद भी कोलेगांव वार्ड क्रमांक 2 की नहीं बदली तस्वीर, ग्रामीण परेशान

**हरिभूमि कोलेगांव।** शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधि की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामवासियों को भुगतना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कोलेगांव के वार्ड क्रमांक 02 में पक्की नाली निर्माण के अभाव में मोहल्ले वासियों को आवाजाही में भारी दिक्कतों व परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर वार्डवासियों ने जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा जर्जर एवं गंदगी भरी कीचड़ युक्त सीसी रोड़ निर्माण की मांग की गई ताकि वार्ड क्रमांक 02 के रहवासियों को सुविधा व राहत मिल सके। मिली जानकारी के अनुसार पांच वर्षो से वार्ड क्रमांक 02 में रहवासियों को विकास व बुनियादी सुविधाओं की बाट जोह रहे है।



### पवनतरा में दूध-मोंगरा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति आज





हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में आश्विन शारदीय नवरात्र के अवसर ग्राम पवनतरा सहित आसपास क्षेत्र में शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर को ग्राम पंचायत पवनतरा में शारदीय नवरात्रि पर्व व विजयादशमी के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम दुध-मोंगरा कार्यक्रम का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सरपंच देवलाल साहू, पंचगण व मां दुर्गा सेवा समिति तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। सरपंच देवलाल साहू ने बताया कि दुध-मोंगरा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम है, वहीं ग्राम पंचायत पवनतरा सहित आसपास के क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दुध मोगरा कार्यक्रम शांति पूर्ण तरीके के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

# पीजी कॉलेज मैदान में 9 दिवसीय स्वदेशी मेला का भव्य आयोजन

- स्वदेशी मेला में विभिन्न राज्यों से स्वदेशी उत्पादों स्टाल की प्रदर्शनी लगेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




कवर्धा के स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में 17 से 25 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ के महानगरों में स्वदेशी मेले का सफल आयोजन किया जाता है। उपमुख्यमत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से पहली बार कवर्धा में इसका आयोजन किया जा रहा है।

विगत दिनों सांसद संतोष पाण्डेय ने स्वदेशी मेला की तैयारियों की शुरुआत मेला स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया था। स्वदेशी मेला में विभिन्न राज्यों से स्वदेशी उत्पादों के हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम के अलावा लखनऊ, बिहार, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब व कश्मीर तक के स्टाल की प्रदर्शनी लगेगी साथ ही प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी मेला आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर संचालन समिति का गठन किया गया है इसके अतिरिक्त स्थानीय उत्पादों को भी मेले में प्रदर्शनी के लिए स्थान दिया जाएगा।

स्वदेशी मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना तथा लोगों तक स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। स्वदेशी मेला को लेकर जिले के नागरिकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। स्वदेशी मेला में 150 से अधिक स्टाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम कें लिए मंच और संचालन के लिए कार्यालय का भव्य सेटअप बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में पांच सूत्रीय मांग शामिल

# शिक्षक मोर्चा ने कलेक्टर व डीईओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी एवं शिवेंद्र चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग व वित्त विभाग के सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर की ओर से तहसीलदार रश्मि दुबे ने ज्ञापन स्वीकार किया।

शिक्षक मोर्चा के पांच सूत्रीय मांगों में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान, समतुल्य वेतनमान में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन निर्धारण तथा केंद्र सरकार की तरह 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन निर्धारण, हाई कोर्ट के डबल बेंच के निर्णय के अनुसार शिक्षक एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत व समयमान वेतनमान तथा केंद्र के समान विगत एक जनवरी से लंबित चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता देकर 2019 से देय तिथि से एरियर्स का जीपीएफ व सीजीजीपीएफ में जमा करने की मांग शामिल है।

इस दौरान प्रमुख रूप से मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, अमित मिश्रा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, मालती गर्ग, एल्विना विल्सन, रविन्द्र चन्द्रवंशी, कन्हैया तिवारी, राजकिरण चन्द्रवंशी, देवन धुर्वे, भूपेंद्र जाटवर, विष्णु कौशिक, सुरेंद्र शर्मा, राजकमल पाण्डेय, दुर्गा चन्द्रवंशी, इशाक खान, ओमप्रकाश तिवारी, विजय लहरे, गोपी साहू, नरेंद्र चंद्रोल, राजेन्द्र निर्मलकर, अशोक साहू, राजेन्द्र तलवरे, हुक्मीचंद धुर्वे, रामसिंह साहू, हरीश धुर्वे, धरमु कुर्रे, हुकुम साहू, विजय जनार्दन, भूपेंद्र साहू, अरविंद कुंजाम आदि उपस्थित रहे।

#### मांग पूरा नहीं होने से 24 अक्टूबर को प्रदर्शन की दी सूचना

कलेक्टर व डीईओ को ज्ञापन देने के बाद जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मांगों को पूरा नहीं किए जाने पर आगामी 24 अक्टूबर को पुनः एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना व रैली का आयोजन कर मांग पत्र सौंपा जाएगा, जिसकी सूचना जिला प्रशासन को दे दिया गया है। साथ ही साथ ज्ञापन सौंपने के बाद शिक्षक मोर्चा का जिला बैठक आयोजित कर आगामी 24 अक्टूबर को जिला स्तरीय प्रदर्शन के प्रसार-प्रसार व सभी शिक्षकों को सामूहिक अवकाश लेकर उपस्थिति हेतु ब्लॉक व जिला पदाधिकारियों को दायित्व दिया गया।

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024



# शिक्षक एलबी संवर्ग ने अपनी लंबित पांच सूत्रीय मांगों के लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा अपनी लंबित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आज संघ के पदाधिकारी ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षण कराया है।

अपनी लंबित मांगों को पूरी करने के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की गई और मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम ज्ञापन सौंपा है।



**मांगों के निराकरण के लिए ज्ञापन :** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा अपनी 5 सूत्रीय लंबित मांगों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है। जिसमें सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाने, समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.96 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित कर एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में करने मांग रखी है।

## पूर्णकालिक सेवा अवधि गणना की मांग

इस दौरान संघ के जिला अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि 1 जुलाई 2018 से एलबी शिक्षकों का संविलियन किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी सेवा अवधि की गणना 2018 से कर रही है। जबकि हम वर्ष 1998, 2004, 2008 और 2010 से कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि 2018 से गणना का हम विरोध करते हैं।

# डॉ. रमन के जन्मदिन पर आयोजन में शामिल होंगे सीएम सहित मंत्रिमंडल



**राजनांदगांव।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर शहर में सुबह से लेकर रात तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह के जन्मदिन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कई मंत्री शामिल होंगे।

विधानसभा के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का कल 15 अक्टूबर को जन्मदिन है। इसे लेकर शहर के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिसमें डॉ. रमन सिंह दोपहर से देर रात तक सक्रिय रहने वाले हैं।

## म्युनिसिपल स्कूल में कवि सम्मेलन

जिला भाजपा मीडिया सेल के अनुसार डॉ. सिंह सुबह 11 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे सीआरसी सेंटर ठाकुरटोला पहुंचेंगे, जहां ट्राईसिकल के वितरण का कार्यक्रम है। इसके पश्चात वे दोपहर 1 बजे निवास जीई रोड आकर प्रधानमंत्री आवास व पोठ लईका हितग्राहियों से मुलाकात करेंगे, फिर दोपहर 2 बजे कैलाश नगर स्थित पुखराज कांकरिया के निवास स्थान जाएंगे। तत्पश्चात शाम 6 बजे आजाद चौक में जन्मदिन के सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, फिर वे रात्रि 8.30 बजे म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भावेश बैद द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन का लुत्फ उठाएंगे।







